प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 27.05.2025 समय : 09:00 ए.एम.

000000

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज गुजरात के गांधीनगर में 5 हजार पांच सौ 36 करोड़ रुपये लागत की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगें

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज दूसरे नागरिक अलंकरण समारोह में पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगीं

- प्रदेश के सभी अस्पतालों में ब्लड ट्रांसफ्यूजन सिस्टम को और मजबूत करने के लिए अब आभा आईडी पर ब्लड ग्रुप दर्ज करना अनिवार्य होगां

- वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां–प्री टूर्नामेंट में राजस्थान के पैरा एथलीट महेंद्र गुर्जर ने पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में नया विश्व रिकॉर्ड बनायां

00000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज गुजरात के गांधीनगर में महात्मा मंदिर में 5 हजार पांच सौ 36 करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगें इन में शहरी विकास, बुनियादी ढांचा, जल संसाधन प्रबंधन, स्वास्थ्य सेवा और राजस्व सेवाओं सहित प्रमुख परियोजनाएं शामिल हैं प्रधानमंत्री आज गांधीनगर में गुजरात शहरी विकास की 20वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में भाग लेंगें यह कार्यक्रम शहरी विकास वर्ष–2005 के शुभारंभ के दो दशक पूरे होने का प्रतीक हैं गौरतलब है कि प्रधानमंत्री गुजरात के दो दिवसीय दौरे पर हैं

0000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज शाम राष्ट्रपति भवन में दूसरे नागरिक अलंकरण समारोह में पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगीं देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से एक– पद्म पुरस्कार, तीन श्रेणियों में प्रदान किए जाते हैं – पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्रीं ये पुरस्कार कला, सामाजिक कार्य, सार्वजनिक मामले, विज्ञान और इंजीनियरिंग, व्यापार और उद्योग, चिकित्सा, साहित्य और शिक्षा, खेल तथा प्रशासनिक सेवा सहित विभिन्ना विषयों और क्षेत्रों में दिए जाते हैं

0000

सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने गुवाहाटी हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति विजय विश्नोई को सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत करने की सिफारिश की हैं कल सुप्रीम कोर्ट में मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में यह सिफारिश की गईं गौरतलब है कि श्री विश्नोई पहले राजस्थान हाईकोर्ट में न्यायाधीश रह चुके हैं इसके अलावा कॉलेजियम ने कर्नाटक हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एन वी अंजारिया और बोम्बे हाईकोर्ट के न्यायाधीश ए एस चंदुरकर को भी सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत करने की अनुशंसा की हैं

0000

प्रदेश में 29 मई से '**विकसित कृषि संकल्प अभियान**' चलाया जायेगां केन्द्र सरकार के इस अभियान का उद्देश्य 'लैब टू लैंड विजन' यानि प्रयोगशाला से खेत तक की सोच को साकार करना हैं इस दौरान कृषि विभाग के अधिकारी और वैज्ञानिक गांव–गांव पहुंचकर खेती की उन्नत तकनीकों की जानकारी किसानों को देंगें शासन सचिव कृषि और उद्यानिकी राजन विशाल ने कल जयपुर में पंत कृषि भवन में इस अभियान के सफल कियान्वयन के लिए अधिकारियों के साथ बैठक कीं बठैक में सभी जिलों के संयुक्त निदेशक, कृषि विज्ञान केन्द्र और कृषि विश्वविद्यालयों के कुलपति वीडियो कॉन्फ्रेन्सिग के माध्यम से जुडें राजन विशाल ने बताया कि 12 जून तक चलने वाले इस अभियान के तहत किसानों को खरीफ मौसम में उगाई जाने वाली प्रमुख फसलों से सम्बन्धित आधुनिक तकनीकों, प्राकृतिक खेती और मृदा स्वास्थ्य कार्ड के बारे में जागरूक किया जायेगां इस दौरान शिविर लगाकर किसानों को ये जानकारियां दी जायेंगीं

0000

प्रदेश के सभी अस्पतालों में ब्लड ट्रांसफ्यूजन सिस्टम को और मजबूत किया जाएगां अब आभा आईडी के तहत रोगी के विवरण में ब्लड ग्रुप अनिवार्य रूप से शामिल किया जाएगा, ताकि किसी भी आपात स्थिति में खून की उपलब्धता के साथ ही ब्लड ट्रांसफ्यूजन भी सुगमता और सटीकता से किया जा सकें

.....

00000

प्रदेश में मनोरोग चिकित्सा संस्थानों के संचालन के लिए अब पंजीकरण अनिवार्य होगां चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि इससे मनोरोग चिकित्सा की दिशा में सकारात्मक बदलाव आएंगें राज्य मानसिक स्वास्थ्य प्राधिकरण के निर्देशों के अनुसार चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग ने इन संस्थानों के अस्थायी पंजीकरण के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी हैं इसके लिए विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाईन आवेदन किया जा सकता हैं उन्होंने बताया कि आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी और होम्योपैथी सहित अन्य संस्थाएं जो मानसिक स्वास्थ्य के रोगियों को भर्ती सेवाएं प्रदान करती हैं, वे इसमे आवेदन कर सकते हैं श्रीमती राठौड़ ने बताया कि इसके साथ ही अपंजीकृत चिकित्सा संस्थानों को चिन्हित किया जा सकेगा और रोगियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगीं

0000

ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी का जश्न मनाने और भारतीय सेना के प्रति कृतज्ञता दर्शाने के लिए प्रदेश में विभिन्न आयोजन हो रहे हैं इसी कडी में कल अलवर में सिंदूर यात्रा निकाली गईं इस यात्रा को केन्द्रीय पर्यावरण और वन मंत्री भूपेन्द्र यादव तथा वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने तिरंगा झण्डा लहराकर रवाना कियां रैली में बडी संख्या में महिलाओं और युवाओं ने भाग लियां वहीं दौसा, भीलवाडा और हनुमानगढ़ में कल सिंदूर यात्रा का आयोजन हुआं जैसलमेर में गौरव सैनिक सम्मेलन रखा गयां इस दौरान केन्द्र सरकार की और से गौरव सैनानियों के हित में किये जा रहे फैसलों की जानकारी दी गईं

0000

सवाईमाधोपुर जिले के सरकारी विद्यालयों में 10वीं और 12वीं कक्षा के विद्यार्थी अब महज 35 दिनों में अंग्रेजी बोलना सीख सकेंगें हमारे संवाददाता ने बताया कि इसके लिए शिक्षा विभाग की ओर 30 जून तक बोल माधोपुर अभियान चलाया जा रहा हैं

.....

00000

स्विट्जरलैंड के नॉटविल शहर में चल रही वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां–प्री टूर्नामेंट में राजस्थान के पैरा एथलीट महेंद्र गुर्जर ने पुरुषों की ॰ 42 भाला फेंक स्पर्धा में 61 दशमलव एक सात मीटर का थ्रो फेंक कर नया विश्व रिकॉर्ड बनाया हैं महेंद्र गुर्जर ने वर्ष 2022 में ब्राजील के रॉबर्टो फ्लोरियानी एडेनिलसन द्वारा बनाए गए 59.19 मीटर के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दियां इन टूर्नामेंट में महेन्द्र गुर्जर का यह दूसरा स्वर्ण हैं इससे पहले उन्होंने 23 मई को 5 दशमलव पांच नौ मीटर की छलांग के साथ लंबी कूद टी42 स्पर्धा भी जीती थीं

00000

प्रदेश में पिछले 24 घंटों के दौरान ज्यादातर स्थानों पर मौसम शुष्क रहां मौसम विभाग के अनुसार कल सबसे अधिक 45 दशमलव 2 डिग्री सैल्सियस तापमान के साथ बाडमेर सबसे गर्म स्थान रहां कुछ स्थानों पर दोपहर बाद धूलभरी हवायें चलने और हल्की बारिश होने के समाचार हैं विभाग ने आज उदयपुर, भरतपुर, जयपुर और बीकानेर संभाग में कहीं–कहीं बारिश की संभावना व्यक्त की हैं वहीं आगामी 48 घंटों में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढोतरी होने के आसार हैं पश्चिमी राजस्थान के सीमावर्ती हिस्सों में पारा 44 से 46 डिग्री के बीच रहने तथा हीट वेव का दौर अगले तीन दिन जारी रह सकता हैं

0000